**SET-2**

**Series JMS/5**

कोड नं.
Code No. **3/5/2**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 14 प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी
# HINDI
## (पाठ्यक्रम अ)
## (Course A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***चार*** *खण्ड हैं – क, ख, ग और घ ।*

*(ii)* *चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना* ***अनिवार्य*** *है ।*

*(iii)* *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 20-25 शब्दों में) लिखिए :

लोग अमृतलाल वेगड़ को पर्यावरण प्रेमी, नर्मदा भक्त, शिक्षक, चित्रकार और अथक मुसाफ़िर मानते हैं । मेरी नज़र में वे यात्रा संस्मरण और पर्यावरण पर लिखने वाले भारत के पहले पत्रकार हैं । जिन लोगों ने उनकी पुस्तकें पढ़ी हैं, वे उन्हें अनमोल धरोहर मानते हैं । वे कहते थे, 'नर्मदा मेरे लिए एक ऐसी किताब है, जिसे बार-बार पढ़ने को मन करता है ।' जब वेगड़ जी ने नर्मदा यात्राएँ शुरू कीं, तो बाँध नहीं बने थे । यानी वह हर गाँव उन्होंने देखा, जो अब अस्तित्व में नहीं है और डूब चुका है । ग्यारह साल में दस यात्राएँ, चार हजार किलोमीटर की पदयात्रा । उनकी यही इच्छा कि माँ नर्मदे ! जब हमेशा के लिए मीठी नींद में सो जाऊँ तब थपकी देकर सुला देना ।

पुस्तकों के अलावा उन्होंने नर्मदा पर अनेक चित्र बनाए । उनकी अपनी एक चित्र-शैली थी । जितने पके हुए वे चित्रकार और रचनाकार थे, उतना ही स्नेहिल उनका व्यक्तित्व था । उन्होंने न जाने कितने रचनाकारों के किताबों के आवरण बनाए होंगे । नर्मदा को लेकर कोई किताब लिख रहा हो, तो वे उसे भरपूर प्रोत्साहन देते थे । उसकी किताब का आवरण बनाते थे, भूमिकाएँ लिखते थे ।

अमृतलाल वेगड़ की पत्नी कांताजी बताती हैं – 'राइट टाउन के इस घर में वेगड़ जी की तीन पीढ़ियाँ एक साथ निवास करती हैं । तीन भाई, उनका परिवार, उनके बच्चे और उन सबके बच्चों के बच्चे । एक छत के नीचे, एक चूल्हे पर आज भी खाना । आपस में भरपूर प्यार, स्नेह और एक-दूसरे पर जान छिड़कते हैं सब ।'

टीस उठती है । देश से अपने साथ बेजोड़ अनुभव संपत्ति का खजाना लेकर सदी के ये दस्तावेज़ जा रहे हैं । हम इनको नई नस्लों तक सुरक्षित पहुँचाने का कोई प्रयास नहीं करते । कहावत है – एक बुजुर्ग आदमी जब जाता है तो अपने साथ एक विशाल लाइब्रेरी भी ले जाता है । क्या कभी हम इसे समझ पाएँगे ?

(क) वेगड़ जी की पहचान के लिए किन विशेषणों का प्रयोग किया गया है और क्यों ? *2*

(ख) वेगड़ जी ने नर्मदा के महत्त्व को किस प्रकार दर्शाया है ? *2*

(ग) उनके संयुक्त परिवार के बारे में टिप्पणी कीजिए । *2*

(घ) लेखक के मन में टीस क्यों उठती है ? *1*

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए । *1*

**2.** निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 20-25 शब्दों में) लिखिए :

आभारी हूँ बहुत दोस्तो, मुझे तुम्हारा प्यार मिला
सुख में, दुख में, हार-जीत में
एक नहीं सौ बार मिला ।

सावन गरजा, भादों बरसा, घिर-घिर आई अँधियारी
कीचड़-कादों से लथपथ हो, बोझ हुई घड़ियाँ सारी
तुम आए तो लगा कि कोई कातिक का त्योहार मिला !

इतना लंबा सफ़र रहा, थे मोड़ भयानक राहों में
ठोकर लगी, डगमग डोला, गिरा तुम्हारी बाँहों में
तुम थे तो मेरे पाँवों को हर फिसलन पर आधार मिला !

आया नहीं फ़रिश्ता कोई, मुझको कभी दुआ देने
मैंने भी कब चाहा, दूँ इनको अपनी नौका खेने
बहे हवा-से तुम, साँसों को सुंदर बंदनवार मिला !

हर पल लगता रहा कि तुम हो पास कहीं दाएँ-बाएँ
तुम हो साथ सदा तो आवारा सुख-दुख आए-जाए
मृत्यु गंध से भरे समय में जीवन का स्वीकार मिला !

(क) कवि अपने मित्रों के प्रति आभार क्यों व्यक्त कर रहा है ? दो कारण लिखिए । *2*

(ख) भाव स्पष्ट कीजिए : *2*
"ठोकर लगी, डगमग डोला, गिरा तुम्हारी बाँहों में
तुम थे तो मेरे पाँवों को हर फिसलन पर आधार मिला !"

(ग) सुख-दुख को 'आवारा' क्यों कहा गया है ? *1*

(घ) किस पंक्ति का आशय है कि कवि को कोई दैवी सहायता नहीं मिली ? *1*

(ङ) सावन-भादों भी कवि के लिए त्योहार कैसे हो जाते थे ? *1*

**अथवा**

अपना सब कुछ देते हुए
पूरी सदाशयता के साथ
शताब्दियों के उच्छेदन के बाद भी
बचे हैं कुछ छायादार और फलदार वृक्ष
छोटे कहे जाने वाले परिश्रमी लोगों की तरह ।

जिन लोगों ने झूले डाले इनकी शाखों पर
इनके टिकोरों से लेकर बौर तक का
इस्तेमाल करते रहे रूप-रस-गंध के लिए
जिनके साथ ये गरमी-जाड़ा-बरसात खपे
यहाँ तक कि चिताओं पर
जिनके लिए जलते रहे ये
उन लोगों ने इन पर
कुल्हाड़ी चलाने में कभी कोताही नहीं की ।

देश भर में फैले पहाड़
ये ही लोग हैं
जिन्हें हर तरह से
नोंच कर नंगा कर दिया गया है ।

(क) भाव स्पष्ट कीजिए : *2*

शताब्दियों के उच्छेदन के बाद भी
बचे हैं कुछ छायादार और फलदार वृक्ष
छोटे कहे जाने वाले परिश्रमी लोगों की तरह ।

(ख) वृक्षों ने मनुष्य को अपना सहयोग किस प्रकार दिया ? *2*

(ग) मनुष्य ने वृक्षों से सब कुछ पाकर उनके साथ कैसा व्यवहार किया ? *1*

(घ) कौन अपना सब कुछ दे देते हैं ? *1*

(ङ) अंतिम चार पंक्तियों में कवि की पीड़ा क्या है ? *1*

## खण्ड ख

**3.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं तीन*** का निर्देशानुसार उत्तर लिखिए : *1×3=3*

(क) नवाब साहब ने अपना तौलिया झाड़ा और सामने बिछा लिया ।
(सरल वाक्य में बदलिए)

(ख) उन्होंने बाहें खोलकर गले लगा लिया । (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ग) उनकी शर्त मान ली गई और वे भारत आ गए । (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(घ) एक चश्मेवाला है जिसका नाम कैप्टन है ।
(आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद भी लिखिए)

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** वाक्यों का निर्देशानुसार वाच्य बदलिए : *1×4=4*

(क) रीड नरकट से बनती है । (कर्मवाच्य में)

(ख) सीट के नीचे से लोटा उठाया गया । (कर्तृवाच्य में)

(ग) वह चल नहीं पा रही थी । (भाववाच्य में)

(घ) आओ, बैठते हैं । (भाववाच्य में)

(ङ) मुँह में भर आए पानी का घूँट गले में उतार लिया । (कर्मवाच्य में)

**5.** निम्नलिखित रेखांकित पदों में से ***किन्हीं चार*** का पद-परिचय लिखिए : *1×4=4*

उन्हीं रास्तों पर मुझे नोर्गे ने घूमता चक्र दिखाया ।

**6.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1×4=4*

(क) संचारी भाव से आप क्या समझते हैं ?

(ख) वात्सल्य रस का एक उदाहरण लिखिए ।

(ग) वीर रस का स्थायी भाव कौन-सा है ?

(घ) उज्ज्वल गाथा कैसे गाऊँ, मधुर चाँदनी रातों की ।
अरे खिल-खिला कर हँसते होने वाली उन बातों की ।
उपर्युक्त पंक्तियों में रस पहचान कर लिखिए ।

(ङ) शोक किस रस का स्थायी भाव है ?

## खण्ड ग

**7.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

बेटे के क्रिया-कर्म में तूल नहीं किया; पतोहू से ही आग दिलाई उसकी । किंतु ज्योंही श्राद्ध की अवधि पूरी हो गई, पतोहू के भाई को बुलाकर उसके साथ कर दिया, यह आदेश देते हुए कि इसकी दूसरी शादी कर देना । इधर पतोहू रो-रोकर कहती – मैं चली जाऊँगी तो बुढ़ापे में कौन आपके लिए भोजन बनाएगा, बीमार पड़े तो कौन एक चुल्लू पानी भी देगा ? पैर पड़ती हूँ, मुझे अपने चरणों से अलग नहीं कीजिए । लेकिन भगत का निर्णय अटल था । तू जा, नहीं तो मैं ही इस घर को छोड़कर चल दूँगा – यह थी उनकी आखिरी दलील । इस दलील के आगे बेचारी की क्या चलती ?

(क) भगत द्वारा किए गए ऐसे कौन-से कार्य हैं जिनसे पता चलता है कि वे सामाजिक परंपरा से हटकर कार्य करते थे । *2*

(ख) बालगोबिन भगत और उनकी पुत्रवधू दोनों दूरदर्शी हैं – स्पष्ट कीजिए । *2*

(ग) उनकी आखिरी दलील क्या थी ? *1*

**8.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए : *2×4=8*

(क) 'नेताजी का चश्मा' पाठ से हमें क्या प्रेरणा प्राप्त होती है ?

(ख) मन्नू भंडारी के स्वभाव की दो विशेषताएँ पाठ के आधार पर लिखिए ।

(ग) लेखक ने क्यों कहा है कि फ़ादर बुल्के मन से संन्यासी नहीं थे ?

(घ) "एक बड़े कलाकार का सहज मानवीय रूप मुहर्रम के अवसर पर आसानी से दिख जाता है ।" बिस्मिल्ला खाँ के बारे में यह क्यों कहा गया है ?

(ङ) बालगोबिन भगत की पतोहू भाई के साथ क्यों नहीं जाना चाहती थी ? अंतत: उसे क्यों जाना पड़ा ?

**9.** निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

तुम्ह तौ कालु हाँक जनु लावा । बार बार मोहि लागि बोलावा ।।
सुनत लखन के बचन कठोरा । परसु सुधारि धरेउ कर घोरा ।।
अब जनि देइ दोसु मोहि लोगू । कटुबादी बालकु बधजोगू ।।
बाल बिलोकि बहुत मैं बाँचा । अब येहु मरनिहार भा साँचा ।।
कौसिक कहा छमिअ अपराधू । बाल दोष गुन गनहिं न साधू ।।

(क) लक्ष्मण ने परशुराम को क्या कहा ? पंक्ति का आशय अपने शब्दों में लिखिए । *2*

(ख) परशुराम जी ने लोगों को संबोधित करते हुए क्या कहा ? *2*

(ग) विश्वामित्र ने क्या तर्क देकर परशुराम जी से क्षमा करने का निवेदन किया ? *1*

**10.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए : *2×4=8*

(क) लक्ष्मण ने वीर पुरुष और कायर में क्या अंतर बताया है ?

(ख) संगतकार किसे कहा जाता है ? उसकी क्या भूमिका होती है ?

(ग) गोपियों को उद्धव से क्यों कहना पड़ा – "हरि हैं राजनीति पढ़ि आए" ?

(घ) 'उत्साह' कविता में बादल से क्या अनुरोध किया गया है ?

(ङ) 'नागार्जुन' की कविता के आधार पर लिखिए कि फसल क्या है ।

**11.** "माता का अंचल" पाठ में संतान के प्रति माता-पिता के वात्सल्य भाव को कैसे व्यक्त किया गया है ? अपने शब्दों में लिखिए । *4*

**अथवा**

'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ में "वर्तमान शासन प्रणाली पर करारी चोट की गई है" । सोदाहरण पुष्टि कीजिए ।

## खण्ड घ

**12.** निम्नलिखित में से ***किसी एक*** विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए : *10*

(क) पेट्रोल का बढ़ता मूल्य
- पेट्रोल की कमी
- समस्या का विकराल रूप
- परिणाम और समाधान

(ख) सफलता की कुंजी : मन की एकाग्रता
- सफलता और मन की एकाग्रता
- एकाग्रता के लाभ और उदाहरण
- कैसे हो एकाग्रता

(ग) इंटरनेट का प्रभाव
- इंटरनेट का तात्पर्य
- लाभ और हानि
- मानव मन पर प्रभाव

**13.** आपकी अपने प्रिय मित्र से किसी बात पर अनबन हो गई है और आपको अब अपनी ग़लती का अहसास हो गया है । अत: उसे मनाने के लिए पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

आपके मोहल्ले में मच्छरों का गढ़ बन गया है । डेंगू, मलेरिया आदि रोग फैल रहे हैं । नगर निगम आयुक्त को शिकायती पत्र लिखिए ।

**14.** आपके शहर में कुश्ती दंगल का आयोजन किया जा रहा है, उसके लिए लगभग 20-25 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

प्लास्टिक के विरुद्ध लोगों में जागरूकता लाने के लिए कपड़े के थैले बनाने की एक तीन दिन की कार्यशाला के बारे में लगभग 20-25 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए ।